# सिंधु जल संधि

## प्रिलिम्स के लिये:

[किशनगंगा](#) एवं [रतले जलविद्युत परियोजना](#), [सिंधु जल संधि (IWT)](#), सिंधु और उसकी सहायक नदियाँ

## मेन्स के लिये:

सिंधु जल संधि तथा संबंधित विवाद

[स्रोत: द हिंदू](#)

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में, 1960 की [सिंधु जल संधि (IWT)](#) के अंतर्गत शामिल नदियों पर स्थापित विद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण करने के लिये पाँच सदस्यीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल को जम्मू के किश्तवाड़ में भेजा गया था।

## सिंधु जल संधि (IWT) क्या है?

- **परिचय:**
  - 19 सितंबर, 1960 को [विश्व बैंक](#) (World Bank) की मध्यस्थता के माध्यम से [भारत एवं पाकिस्तान](#) के बीच कराची (पाकिस्तान) में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किये गए।
  - यह संधि सिंधु नदी तथा इसकी पाँच सहायक नदियों **सतलुज, व्यास, रावी, झेलम एवं चिनाब** के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच **सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के लिये एक तंत्र** स्थापित करती है।
- **प्रमुख प्रावधान:**
  - **जल बँटवारा:**
    - इसमें निर्धारित किया गया है कि सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों का जल भारत एवं पाकिस्तान के बीच किस प्रकार विभाजित किया जाएगा।
    - इसने तीन **पश्चिमी नदियों** सिंधु, चिनाब तथा झेलम को भारत द्वारा कुछ गैर-उपभोग्य, कृषि एवं घरेलू उपयोगों को छोड़कर अप्रतिबंधित उपयोग के लिये पाकिस्तान को आवंटित किया तथा तीन **पूर्वी नदियों रावी, ब्यास एवं सतलुज को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये भारत को आवंटित** किया गया।
      - इसका अर्थ यह है कि 80% जल पाकिस्तान को चला गया, जबकि शेष 20% जल भारत के उपयोग के लिये रहेगा।
  - **स्थायी सिंधु आयोग:**
    - सिंधु जल संधि के अंतर्गत दोनों देशों को एक [स्थायी सिंधु आयोग](#) का गठन करना होगा, जिसकी वार्षिक बैठक अनिवार्य होगी।
  - **विवाद समाधान तंत्र:**
    - IWT एक **तीन-चरणीय विवाद समाधान तंत्र** प्रदान करता है जिसके अंतर्गत दोनों पक्षों के "प्रश्नों" को स्थायी आयोग द्वारा हल किया जा सकता है, अथवा इसे अंतर-सरकारी स्तर पर भी उठाया जा सकता है।
    - जल-बंटवारे पर देशों के मतभेदों को विश्व बैंक द्वारा नियुक्त **तटस्थ विशेषज्ञ (NE)** द्वारा सुलझाया जा सकता है।
      - विश्व बैंक के किसी तटस्थ विशेषज्ञ की अपील को [विश्व बैंक](#) द्वारा स्थापित **मध्यस्थता न्यायालय** (Court of Arbitration) में भेजा जा सकता है।
- **IWT के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण:**
  - [पाकल दुल एवं लोअर कलनाई](#): पाकल दुल जलविद्युत परियोजना, चिनाब की सहायक नदी मरुसुदर पर निर्मित है। लोअर कलनाई चिनाब नदी पर निर्मित है।
  - [किशनगंगा जलविद्युत परियोजना](#): यह जम्मू-कश्मीर में स्थित एक रन-ऑफ-द-रिवर परियोजना है।
    - पाकिस्तान ने इस परियोजना पर आपत्ति जताते हुए तर्क दिया कि इससे किशनगंगा नदी (जिसे पाकिस्तान में नीलम नदी कहा जाता है) का प्रवाह प्रभावित होगा।
    - वर्ष 2013 में, हेग के स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (CoA) ने निर्णय दिया कि भारत कुछ शर्तों के साथ संपूर्ण जल प्रवाह मोड़

सकता है।

- [रतले जलवदियुत परयिोजना:](#) यह जम्मू-कश्मीर में चनिाब नदी पर स्थति एक जलवदियुत स्टेशन है।




[//](#)

## सधिु नदी और उसकी सहायक नदियाँ

- **उद्गम:**
  - सधिु **(तबि्बती-सेंगगे चू, 'लायन नदी'),** दक्षणि एशयिा की एक प्रमुख नदी, ट्रांस-हमिालय में मानसरोवर झील के पास तबि्बत से नकिलती है।
  - यह नदी **तबि्बत, भारत और पाकसि्तान से होकर बहती** है तथा इसके जल नकिासी बेसनि के क्षेत्र में लगभग 200 मलियिन लोग नविास करते हैं।
- **मार्ग और प्रमुख सहायक नदियाँ:**
  - यह नदी लद्दाख के माध्यम से भारत में प्रवेश करती है और पाकसि्तान के गलिगति-बाल्टसि्तान क्षेत्र में पहुँचने से पहले जम्मू-कश्मीर से होकर बहती है।
  - सधिु नदी की प्रमुख बाएँ कनिारे की सहायक नदियाँ **ज़स्कर, सुरू, सोन, झेलम, चनिाब, रावी, ब्यास, सतलुज और पंजनाद** नदियाँ हैं।
  - इसके **दाहनि कनिारे की प्रमुख सहायक नदियाँ श्योक, गलिगति, हुंजा, स्वात, कुन्नार, कुर्रम,** गोमल और काबुल नदियाँ हैं।
  - सधिु नदी **दक्षणिी पाकसि्तान में कराची शहर के पास [अरब सागर](#) में** गरिती है।

| **नदी** | **उद्गम** | **शामलि है** |
|---|---|---|
| **झेलम** | कश्मीर घाटी के वेरीनाग में वसंत | त्रमिमु, पाकसि्तान में चनिाब |
| **चनिाब** | **बारा लाचा दर्रे** के पास चंद्रा और भागा धाराएँ | झेलम और रावी के बाद सतलुज |
| **रावी** | रोहतांग दर्रे के पास कुल्लू की पहाड़याँ | रंगपुर, पाकसि्तान के नकिट चनिाब |
| **ब्यास** | रोहतांग दर्रे के पास | सतलुज, हरकि बैराज, भारत |
| **सतलुज** | मानसरोवर-राकस झीलें, तबि्बत | पाकसि्तान के मथिनकोट से कुछ कलिोमीटर ऊपर सधिु नदी |

## आगे की राह

- **तकनीकी ववािद समाधान पर ध्यान:** दोनों पक्षों को **तकनीकी ववािदों को हल करने के लयि** संधकि मौजूदा ढाँचे के उपयोग को प्राथमकिता देनी चाहयि।
- **पारदर्शति और डेटा साझाकरण:** दोनों देश आपसी चतिाओं को दूर करने के लयि **जल वज्ञिान संबंधी डेटा** साझा कर सकते हैं।
- **संयुक्त बेसनि प्रबंधन:** [जलवायु परविर्तन]() और [जनसंख्या वृद्धि]() सधि बेसनि में आम चुनौतयिाँ पेश करती हैं, जसिसे जल संरक्षण, बाढ़ नयिंत्रण और सतत उपयोग के लयि संयुक्त प्रबंधन की आवश्यकता होती है।
- **राजनीतकि प्रतबिद्धता और संवाद:** स्थायी समाधान के लयि दोनों सरकारों की ओर से टकराव की तुलना में **संवाद तथा सहयोग** को प्राथमकिता देने की प्रतबिद्धता की आवश्यकता है।

**दृष्टमिेन्स प्रश्न:**

**प्रश्न.** सधि जल संधकि प्रमुख प्रावधानों और भारत-पाकस्तिान संबंधों में इसके महत्त्व पर चर्चा कीजयि।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. सधि नदी प्रणाली के संदर्भ में नम्निलखिति चार नदयिों में से तीन नदयिाँ इनमें से कसिी एक नदी में मलिती हैं जो सीधे सधि से मलिती है। नम्निलखिति में से वह नदी कौन-सी है जो सीधे सधि से मलिती है? (2021)**

(a) चनिाब
(b) झेलम
(c) रावी
(d) सतलुज

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. नम्निलखिति युग्मों पर वचिार कीजयि (2019)**

**हमिनद** **नदी**

1. बंदरपूँछ : यमुना
2. बारा शग्रिी : चेनाब
3. मलिाम : मंदाकनिी
4. सयिाचनि : नुब्रा
5. जेमू : मानस

**उपर्युक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलति हैं?**

(a) 1, 2 और 4
(b) 1, 3 और 4
(c) 2 और 5
(d) 3 और 5

**उत्तर: (a)**

---

***?????:***

**प्रश्न. नदयिों को आपस में जोड़ना सूखा, बाढ़ और बाधति जल- परविहन जैसी बहु-आयामी अंतर-संबंधति समस्याओं का व्यवहार्य समाधान दे सकता है। आलोचनात्मक परीक्षण कीजयि। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indus-water-treaty-2